# मालदीव में रुपे सेवा का शुभारंभ

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

हाल ही में मालदीव ने घोषणा की है कि वह शीघ्र ही अपने देश में भारत की **रुपे (RuPay)** सेवा शुरू करेगा।

- रुपे भारत का अपनी तरह का पहला घरेलू कार्ड भुगतान नेटवर्क है, जिसकी पूरे भारत में एटीएम, पॉइंट ऑफ सेल (Point of Sale- POS) डिवाइसों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर व्यापक पहुँच है।
  - रुपे नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (National Payment Corporation of India- NPCI) का एक उत्पाद है, जो देश में खुदरा भुगतान को शक्ति प्रदान करने वाला प्रमुख संगठन है।
    - कंपनी अधिनियम के तहत **NPCI** एक **"गैर-लाभकारी कंपनी"** है।
    - **भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** ने भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) और **भारतीय बैंक संघ (Indian Banks' Association- IBA)** को भारत में एक सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक भुगतान एवं निपटान प्रणाली स्थापित करने का अधिकार दिया।
    - **NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड** (**NIPL**) NPCI की अंतर्राष्ट्रीय शाखा है, जिसे **भारत के डिजिटल भुगतान समाधान** जैसे रुपे (RuPay) और यूपीआई (UPI) को वैश्विक स्तर पर **निर्यात हेतु वर्ष 2018** में स्थापित किया गया था।
  - रुपे ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिये विभिन्न कार्ड वेरिएंट शुरू किये हैं।
- **रुपे के लेनदेन सिंगापुर, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और सऊदी अरब में पहले से ही स्वीकार किये जाते हैं।**




**और पढ़ें:** [श्रीलंका और मॉरीशस में UPI सेवाएँ](), [भारत मालदीव संबंध]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-rupay-services-in-maldives